www.xtrapapers.com

UNIVERSITY OF CAMBRIDGE INTERNATIONAL EXAMINATIONS
General Certificate of Education Ordinary Level

**HINDI** **3195/02**

Paper 2 Language Usage and Comprehension

**October/November 2010**

**1 hour 30 minutes**

Additional Materials: Answer Booklet/Paper

*3017154144*

**READ THESE INSTRUCTIONS FIRST**

Write your Centre number, candidate number and name on all the work you hand in.
Write in dark blue or black pen on both sides of the paper.
Do not use staples, paper clips, highlighters, glue or correction fluid.

Answer **all** questions.

At the end of the examination, fasten all your work securely together.
The number of marks is given in brackets [ ] at the end of each question or part question.

This document consists of **9** printed pages and **3** blank pages.

UNIVERSITY *of* CAMBRIDGE
International Examinations

© UCLES 2010
DC (SJF/TL) 35709


www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## Section A
## खंड 'क'

### A1 Combination/Separation of Words [10]
**संधि / संधि – विच्छेद**

निम्नलिखित शब्दों का संधि–विच्छेद कीजिए और उत्तर दी गई उत्तर–पत्रिका में लिखिए।

1 इत्यादि
2 स्वागत
3 पर्वतारोहन
4 धर्मात्मा
5 समाचार

### A2 Idioms, Proverbs and Words in Pairs [10]
**मुहावरे, लोकोक्तियाँ और सहप्रयोग**

निम्नलिखित वाक्यों में भरने के लिए नीचे दिए मुहावरों, लोकोक्तियों और सहप्रयोगों में से उपयुक्त उत्तर चुनिए और उन्हें उत्तर–पत्रिका में लिखिए।

6 मैं मीटिंग के लिए आपके शहर आया तो सोचा आप को भी मिल लूँ, ________________ ।

7 सुरेश किसी बात को आसानी से नहीं छोड़ता पूरी ________________ कर ही दम लेता है।

8 इतने ________________ होते हुए तुम्हें काम करने की क्या आवश्कता है।

9 मेरे भाई की दूसरों के काम में ________________ की आदत नहीं छूटती।

10 जब कभी भी किसी से मदद मांगो तो लोग ________________ लेते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | गिरगिट की तरह रंग बदलना | (6) | टाँग अड़ाना |
| (2) | नौकर–चाकर | (7) | बाल की खाल निकालना |
| (3) | अक्ल का दुश्मन | (8) | भागा–भागा |
| (4) | ऊँची दुकान फ़ीका पकवान | (9) | माथा ठनकना |
| (5) | टका सा जवाब देना | (10) | एक पंथ दो काज |

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## A3 Sentence Transformation
वाक्य रुपान्तरण

निम्नलिखित अधूरे वाक्यों को इस तरह पूरा कीजिए कि उनका अर्थ ऊपर दिए वाक्यों से भिन्न न हो। अपने उत्तर दी गई उत्तर–पत्रिका में लिखिए।

**11** शाहजहाँ ने ताजमहल बनवाया।
ताजमहल शाहजहाँ द्वारा ______________________ ।

**12** हमें सदा अपने मां–बाप की सेवा करनी चाहिए।
सदा ________________________________ ।

**13** अध्यापक इतिहास पढ़ाता है।
अध्यापक द्वारा ________________________________ ।

**14** संत वाल्मीक ने रामायण रची।
संत वाल्मीक द्वारा _________________________ ।

**15** सास के घर आते ही बहू ने चाय बनाई।
ज्यों ही सास ______________________________ ।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



**A4 Cloze Passage**

**क्लोज़ पैसेज**

**नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए उसके नीचे दिए गए शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुन कर उनकी संख्या को अपने उत्तर पत्र में लिखिए।**

आकाश की बिजली अधिकतर औरतों से उतनी अकर्षित नहीं होती जितनी कि पुरुषों से। वस्तुतः विश्वभर के तथ्य यह ____16____ करते हैं कि उन बदनसीब ____17____ में जो बिजली से प्रभावित हुए, पुरुषों की संख्या का स्त्रियों की संख्या में औसतन नौ एक का अनुपात है।

बिजली की एक ____18____ चमक प्रकृति में उर्जा की एकाग्रता है। बिजली की चमकार छः किलोमीटर से भी अधिक ____19____ नापी गई है। चमकार रोशनी की गति से चलती है ____20____ गरजन इससे धीमे ध्वनि की गति से चलती है। इस का अर्थ यह है कि बिजली की चमक और गरजन की कड़कन के ____21____ का पाँच सेंकिड का अन्तर यह दर्शाता है कि ____22____ सिर्फ़ एक किलोमीटर की दूरी पर है।

____23____ बिजली चमकती है, तार या धातु की बाड़ ____24____ हो सकती है। घर के भीतर आपको कैंची या धातु की वस्तुएं कभी नहीं पकड़नी चाहिए और फ्रिज या फ्रीज़र के पास ____25____ नहीं होना चाहिए। ये सभी बड़े धातु के पद्धार्थ बिजली की चमकार को आकर्षित करते हैं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | पेड़ों | (6) | वर्षा | (11) | खड़े |
| (2) | लोगों | (7) | बीच | (12) | जब |
| (3) | ख़तरनाक | (8) | गहरा | (13) | लम्बी |
| (4) | अधिकतर | (9) | प्रमाणित | (14) | छूना |
| (5) | तूफ़ान | (10) | अधिकतम | (15) | जबकि |

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



BLANK PAGE

TURN OVER FOR SECTION B

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## Section B
## खंड 'ख'

**निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

घनी रुसी सर्दी में अपने नये गर्म कपड़े पहने हम दोनों टरांस–सिबेरियन ऐक्सप्रैस पर रुस, मोंगोलिया और चीन से होते हुए इरकुतस्क के लिए 10 नम्बर की रेलगाड़ी पकड़ 19 दिनों की यात्रा पर निकल पड़े। हम सबकी अपनी–अपनी निजी महत्त्वाकांक्षा है। मेरी अकांक्षा है कि मैं विश्व की सबसे लम्बी रेलगाड़ी में सफ़र करुँ जो ऐसे देशों से गुज़रे जो पौराणिक पुस्तकों और अविस्मरणीय फ़िल्मों से जुड़े हों। मेरा दस वर्षीय पुत्र जोर्ज पहली बार बर्फ़ पड़ी देखेगा। उसकी हमेशा यही इच्छा रही है कि वह रेलगाड़ी में सोये। मैं उसकी उत्सुकता का अनुमान लगा सकती हूँ क्योंकि उसकी यह इच्छा उसके रेल के पहले सफ़र में लगभग पूरी होने वाली है।

हमारे दोनों के पास रेलगाड़ी के एक डिब्बे में अपना कमरा है। पूरी यात्रा के दौरान यही हमारा घर है। यह एक छोटा सा कमरा है जिसमें चीनी ग़लीचा, पढ़ने के लिए लैम्प, टेलिविज़न है पर रेडियो नहीं। बिजली के स्विच तक पहुँचने के लिए एक सीढ़ी है। मेज़ पर हम दोनों के लिए कप–प्लेट, चाय, कॉफी और चॉकलेट के बिस्कुट का पैकेट है। हमें चाय–कॉफी के लिए गर्म पानी बाहर गलियारे में लगी मशीन से लाना पड़ता है परन्तु इससे हमें घूमने–फिरने का बहाना मिल जाता है।

यह पहली सुबह है। रेलगाड़ी थोड़ी देर रुक जाती है। जैसे ही हम खिड़की से बाहर देखते हैं तो हमारा ध्यान दूर चिमनी से निकलते धुँए की तरफ जाता है इसके इलावा कुछ भी हिलता दिखाई नहीं देता। फिर हमें अहसास होता है कि वहाँ जीवन के चिन्ह हैं। हम रेलगाड़ी के साथ–साथ जानवरों के पैरों के निशान देखते हैं और जंगल के पास कुछ लकड़ी के घरों का समूह है। दूर हमें दरवाज़े के ज़ोर से बंद होने और अपने कुत्तों को पुकारते एक आदमी की आवाज़ सुनाई देती है। जब रेलगाड़ी थोड़े लम्बे समय तक रुकती है तो हम कपड़ों की कुछ परतें पहन लेते हैं और बर्फ़ में उतर जाते हैं। हम तेज़ी से हिलते–जुलते रहे क्योंकि अगर आप सर्दी से जमना नहीं चाहते तो एक जगह खड़े रहने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता। अन्य यात्री एक दूसरे से ज़ोर–ज़ोर से बातें करते हैं। इनमें सीमा पर जाने वाले सिपाही, अपनी अंतर्राष्ट्रीय मीटिंग पर जाने वाले व्यापारी और कुछ पर्यटक जो चीन की राजधानी, बेजिंग तक पर्यटन के लिए जा रहे हैं।

हम इरकुतस्क पहुँच जाते हैं। शहर अनेकता का दिलचस्प मिश्रण है। स्त्रियाँ पारम्परिक टखनों तक लम्बे कोट और फ़र के जूते पहने अपनी गर्दन में लटकी ट्रे में बड़ा डैस्क फ़ोन उठाये बुनियादी टेलीफ़ोन सेवाएं प्रदान करती हैं। दूसरी ओर छात्र नये कोरियन टरेनर्स पहने बर्फ़ पर फिसलते हैं और अंतर्राष्ट्रीय कम्पनियों की मशहूरी करते प्रतीक–चिह्न आधुनिक शीशे के टॉवर में बने दफ़्तरों पर लगे हुए हैं जो पुरानी पारम्परिक इमारतों के साथ खड़े हैं।

हमारी यात्रा जारी है और अगले दिन हम चीन की सीमा पर जागते हैं। हम लगभग अपनी यात्रा के आख़िरी पड़ाव पर हैं परन्तु हम उतरना नहीं चाहते। हमें अपने आरामदायक डिब्बे के कमरे की आदत पड़ गई है।

पहले दिन बेजिंग में हम, राजधानी के प्रमुख स्थल देखने के लिए अन्य पर्यटकों के पीछे पीछे चले। हमने शहर का अजायबघर ढूँढ़ने की बहुत कोशिश की पर हम पिछली छोटी सी गलियों में खो गये और अन्त में हमने यह विचार छोड़ दिया। हम मछली का सूप पीते हैं और कलाबाज़ों को थियेटर में पिरामिड बनाते देखते हैं। सब कुछ एक ही दिन में। यह पूरी तरह थका देता है।

"यह तो अच्छा था." जोर्ज ने कहा। "क्या अब हम वापस जाने के लिए गाड़ी पकड़ने जा रहे हैं ?"

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



**B5 MCQ Comprehension**
**आशय समझना**

प्रश्न 26-32 के लिए (1), (2), (3) या (4) में से सही उत्तर को चुन कर उत्तर पत्रिका में उसकी संख्या लिखिए।

**26** लेखिका की यात्रा का प्रमुख कारण __________________ का अनुभव करना था।

(1) लम्बी रेल यात्रा
(2) पहली बार बर्फ़
(3) चलती रेल पर सोने
(4) रेल पर विश्व भ्रमण

**27** जोर्ज के बारे में निम्नलिखित तथ्यों में से कौन सा तथ्य सही है ?

(1) वह रुस का ठण्डा मौसम अनुभव करना चाहेगा।
(2) वह रेलगाड़ी में पौराणिक उपन्यास पढ़ना चाहेगा।
(3) वह रेलगाड़ी की यात्रा के दौरान अविस्मरणीय फ़िल्में देखना पसन्द करेगा।
(4) वह पहली बार अपने रेलगाड़ी के सफ़र के प्रति उत्सुक होगा।

**28** निम्नलिखित वाक्यों में से लेखिका के रेलगाड़ी के डिब्बे के कमरे का विवरण करने के लिए कौन सा वाक्य उपयुक्त है।

(1) एक छोटा सा कमरा जिसमें मेज़ पर रेडियो है पर टेलीविज़न नहीं
(2) एक छोटा गलीचे वाला कमरा कुछ हल्के नाश्ते, चाय और कॉफी के साथ
(3) एक छोटा गलीचे वाला कमरा बिजली और घूमने फिरने के लिए बड़ी जगह के साथ
(4) एक छोटा कमरा रेडियो और गर्म पेय बनाने वाली मशीन के साथ

**29** पहली सुबह जब रेलगाड़ी थोड़ी देर के लिए रुकी तो लेखिका ने सबसे पहले ______________।

(1) दूर चिमनी से निकलता धुँआ देखा
(2) दूर अपने कुत्तों को पुकारता एक आदमी देखा
(3) दूर एक घर की खिड़की से निकलता धुँआ देखा
(4) रेलगाड़ी के साथ–साथ कुछ चलता हुआ देखा

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



30 जब रेलगाड़ी लम्बे समय तक रुकती तो लेखिका और उसका बेटा _______________ ।

(1) गाड़ी से उतर जाते और बर्फ़ में चलने लगते हैं
(2) गर्म रहने के लिए गाड़ी में ही रहते हैं
(3) कपड़ों की कई परतें पहनते हैं और गाड़ी में इधर–उधर घूमते हैं
(4) काफी कपड़े पहनते हैं और गाड़ी से बाहर के नज़ारों का मज़ा लेते हैं

31 निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य हमें बताता है कि इरकुतस्क शहर "अनेकता का दिलचस्प मिश्रण है ?"

(1) स्त्रियाँ टखनों तक लम्बे कोट और फ़र के जूते पहनें
(2) छात्र खेल पोशाक और स्त्रियाँ पौराणिक पोशाक पहनें
(3) चिन्हों की मशहूरी और आधुनिक शीशे के टॉवर में दफ़्तर
(4) बड़े डैस्क फ़ोन और टेलीफ़ोन सेवाएं प्रदान की जाती है

32 अन्तिम दिन, दोनों यात्रियों ने ________________________ ।

(1) अपना आरामदायक रेल के डिब्बे का कमरा छोड़ने से इन्कार कर दिया
(2) कुछ खाया और थिऐटर में खेल देखा
(3) थिऐटर में मछली का सूप पिया और फिर पिरामिड घूमा
(4) अन्य पर्यटकों के साथ राजधानी में अजायबघर घूमा

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



BLANK PAGE

TURN OVER FOR SECTION C

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## Section C
## खंड 'ग'

नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर जहाँ तक संभव हो, अपने शब्दों में और पूरे-पूरे वाक्यों में दीजिए।

### पुस्तकालय

ज्वालामुखी झील को ऊपर से देखती एक सुहावनी और साफ़ सुबह, मैं अफ़्रीकी ग्रामीण क्षेत्र में से होता हुआ दो गधों द्वारा खींची जा रही दो पहिया गाड़ी के साथ-साथ चलता हूँ। लम्बी स्कर्ट पहने हुए औरतें खेतों में काम करती हैं और जैसे ही हम धूल भरी सड़कों से गुज़रते, हमें ऊपर उठ कर देखने लगती हैं। पास की घास की झोंपड़ियों के बीच में से गधे गुज़रते और बहुत से फैले हुए बबूल के पेड़ों में से एक के नीचे खड़े हो जाते हैं। यहाँ पर सामान या सवारी वाली लकड़ी की बैलगाड़ियाँ तो आम हैं पर हमारी चमकते पीले रंग की लोहे की गाड़ी खास है। मेरे साथ चलने वाला साथी योहानस गधों को खोल देता है और गाड़ी के पीछे का हिस्सा प्रदर्शनी के लिए खोल देता है, सब्ज़ियों या औज़ारों की नहीं बल्कि बच्चों की **<u>पुस्तकों</u>** की प्रदर्शनी। यह इथोपिया में अपनी प्रकार का पहला और विश्व में भी कुछ एक में से, एक गधों पर चलता फिरता पुस्तकालय है।

बच्चे हर तरफ़ से गाड़ी की ओर तेज़ी से दौड़ते आते और चिल्लाते, यह पुस्तकालय का दिन है! वे धूल से भरे, नंगे पांव परन्तु आंखों में चमक लिए उत्सुकता से पुस्तकों के पास घेरा लगाते हैं। इनमें से कई बच्चों ने तो पुस्तकालय के मासिक पर्यटन से पहले कभी पुस्तक देखी ही नहीं थी। ये बच्चे टेलिविज़न और **<u>आधुनिक</u>** खेलों से वंचित हैं, इनका सबसे बड़ा मनोरंजन का साधन रस्सी कूदना और पहिया चलाना है। जब वे फुटबॉल खेलते हैं तो गेंद पुराने कपड़ों की बनी होती है। ऐसे **<u>क्षेत्रों</u>** में पुस्तकें महत्त्वपूर्ण क्यों हैं ?

योहानस ने ज़वाब दिया, "बीज़ों के थैले पर लगा लेबल पढ़ने की **<u>क्षमता</u>** अच्छी उत्पादकता की कुंजी है। परिवार को दवाई की बोतल पर लिखे निर्देशों को पढ़ने के योग्य बना कर बेहत्तर सेहत और लम्बी आयु पाने में अक्षर ज्ञान से बढ़ कर कुछ नहीं। जो बच्चे पुस्तकें पढ़ते हैं वे अपने भौतिक वस्तुओं के अभाव से आगे देखेगें और संभावनाओं के विश्व की कल्पना करेंगे।"

मैंने कुछ बच्चों को निजी **<u>वार्तालाप</u>** के दौरान पूछा कि क्या पुस्तकालय ने उन्हें यह जानने में सहायता की है कि वे जीवन में क्या करना चाहते हैं। डैनियल, अपनी बड़ी सी फटी पतलून में पूरी तरह निःशब्द हो गया। उसे पहले कभी किसी ने यह पूछा ही नहीं। वह आशारहित उत्तर देने से पहले खोया हुआ दिखा और बोला, "वाहनचालक ?"

परन्तु दूसरों ने बड़ी उत्सुकता से उत्तर दिया। फिक्रटे, जो नंगे पांव है और जिसने मैली सफ़ेद टी-शर्ट पहनी हुई है जो कि किसी बड़े की लगती थी, एक वैज्ञानिक बनना चाहती है। "मैं चन्द्रमा पर अनुसंधान करना चाहती हूँ और बाहरी दुनिया के नये तथ्य खोज़ना चाहती हूँ।"

टैमरैट पुस्तकालय बहुत पसन्द करता है और बाखूबी जानता है कि वह जीवन में क्या करेगा। "मैं पुस्तकालयाध्यक्ष बनूँगा", उसने तुरंत उत्तर दिया। "मैं हमेशा यहाँ आता रहूँगा।"

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



**C6 OE Comprehension**

**आशय समझना**

आप निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर जहाँ तक संभव हो अपने शब्दों में दें।

33 हम अफ्रीकी स्थल–प्रकृति के बारे क्या सीखते हैं ? **चार** विवरण दें।

34 पुस्तकालय की गाड़ी आम बैलगाड़ियों की तुलना में कैसे आसामान्य है ? **चार** विवरण दें।

35 उनकी वेशभूषा के इलावा हमें कैसे पता चलता है कि ये बच्चे सीधा–सादा जीवन जीते हैं ? **चार** विवरण दें।

36 गद्यांश के अनुसार इन लोगों के जीवन को संम्भवतः पढ़ने की क्षमता द्वारा कैसे सुधारा जा सकता है ? विस्तार से बतायें।

37 वर्णन करें कि फिक्स्टे का जीवन के प्रति व्यवहार उसकी शारीरिक बनावट से उल्टा कैसे है ?

38 डैनियल और टैमरैट अपने भविष्य के प्रश्न का अलग–अलग उत्तर कैसे देते हैं ? विस्तार से बतायें।

**C7 Vocabulary** [10]

**शब्दार्थ**

अवतरण के रेखांकित शब्दों को नीचे दिया गया है। इनका अर्थ सरल हिन्दी में लिखिए।

39 पुस्तकों

40 आधुनिक

41 क्षेत्रों

42 क्षमता

43 वार्तालाप

**End of Paper**

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



BLANK PAGE

Permission to reproduce items where third-party owned material protected by copyright is included has been sought and cleared where possible. Every reasonable effort has been made by the publisher (UCLES) to trace copyright holders, but if any items requiring clearance have unwittingly been included, the publisher will be pleased to make amends at the earliest possible opportunity.

University of Cambridge International Examinations is part of the Cambridge Assessment Group. Cambridge Assessment is the brand name of University of

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers